हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 27 जून 2026

तापमान

अधिकतम 43 .4 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

12 नारायणगढ़ में 100 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल...



12 जलभराव क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का करें बंदोबस्त...



## खबर संक्षेप

### हाइड्रा मशीन चालक की जान गई

**पानीपत।** रिफाइनरी क्षेत्र में हाइड्रा मशीन पलटने से चालक अमरजीत निवासी नूरवाला, पानीपत इसके नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अमरजीत रिफाइनरी के विस्तार में कार्यरत निजी कंपनी के तहत हाइड्रा मशीन चलाने का कार्य करता था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद अमरजीत का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और मृतक के परिवार के बयान के आधार पर इस मामले में इत्तेफाकिया कार्यवाही की।

### चोरों ने सूने मकान से चुराई टूंटियां व मोटर

**यमुनानगर।** जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 में चोरों ने सूने मकान में घुसकर टूंटियां व पानी की मोटर चोरी कर ली। रणजीत कॉलोनी कैंप निवासी करण चावला ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### डीसी का हर विभाग से जवाब तलब

**पानीपत।** मुख्यमंत्री कार्यालय की सीएम विंडो एवं जनसंवाद पोर्टल और समाधान शिविर पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण को लेकर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त ड.ॉ हरीश वशिष्ठ के साथ समीक्षा बैठक कर विभाग अनुसर्व शिकायतों के निस्तारण की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया।

### ट्रैक्टर ने एक्टिवा को मारी टक्कर, दंपत्ति घायल

**यमुनानगर।** ममीदी निवासी इरफान ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 22 जून को दोपहर ढाई बजे वह अपनी पत्नी गुलजारी के साथ एक्टिवा पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था। जब वह ममीदी में धर्मशाला के पास पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक विजय के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### इटली में वर्क वीजा के नाम पर दंपति से 13 लाख की ठगी

**अंबाला।** इटली का वर्क वीजा लगवाने का झांसा देकर एक ट्रैवल एजेंट और उसकी पत्नी ने एक व्यक्ति से 13 लाख रुपये हड़प लिए। आरोपियों ने न केवल पीड़ित को फर्जी दस्तावेज थमाए, बल्कि पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। डिफेंस कॉलोनी के अश्विनी कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह टूर एंड ट्रेवल्स का काम करते हैं। जून 2025 में उनकी मुलाकात खरड़, मोहाली के हरप्रीत सिंह सिद्धू और उसकी पत्नी उमा कुमारी से हुई। आरोपियों ने खुद को इटली से आया और विदेश भेजने के नाम पर भरोसा जीत लिया।



पानीपत। सड़कों पर घेवर बेचने वाले सीएम फ्लाइंग के डर से रफूचक्कर हुए।

# पानीपतः पनीर की फैक्ट्री पर सीएम फ्लाइंग का छापा

**खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने भरे सैंपल, दूग्ध उत्पाद विक्रेताओं ने दुकानें बंद की, सड़क किनारे घेवर बेचने वाले रफूचक्कर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के समालखा के वार्ड एक स्थित बजरंग कालोनी के औद्योगिक क्षेत्र में चल रही पनीर फैक्ट्री पर शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग और फूड सेफ्टी विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान टीम ने मौके से करीब एक क्विंटल पनीर बरामद किया। जांच के लिए पनीर के नमूने लेकर प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेज दिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में टीम को मौके पर तैयार पनीर की गुणवत्ता में कोई स्पष्ट कमी नहीं मिली। हालांकि, खाद्य सुरक्षा मानकों की पुष्टि के लिए नमूनों की वैज्ञानिक जांच कराई जाएगी। लैब रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



पानीपत। समालखा में पनीर के सैंपल भरते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम। फोटो: हरिभूमि

### नियमानुसार कार्रवाई होगी

फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी डॉ. वीरेंद्र ने बताया कि यदि जांच रिपोर्ट में किसी प्रकार की मिलावट या गुणवत्ता संबंधी अनियमितता सामने आती है, तो संबंधित संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर, सीएम फ्लाइंग करनाल की टीम में एसआई राज सिंह और एसआई सुभाष अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। इस छापेमारी के बाद समालखा के रेलवे रोड, माता पुली रोड और चुलकाना रोड पर दूध व पनीर की कई दुकानें बंद पाई गईं। यहां के दुकानदारों को आशंका था कि सीएम फ्लाइंग व फूड सेफ्टी की टीम उनके प्रतिष्ठानों पर भी छापे मार सकती है। दूसरी ओर, सीएम फ्लाइंग व फूड सेफ्टी की टीमों की सक्रियता के चलते सड़क किनारे टैंट लगा कर घेवर बेचने वाले भी रफू चक्कर हो गए। फूड सेफ्टी अधिकारी डॉ. वीरेंद्र ने बताया कि मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

## एक स्कॉर्पियो गाड़ी व 15 संदिग्ध दोपहिया वाहन जब्त, जांच के बाद होगी कार्रवाई

# नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तड़के ताबड़तोड़ छापेमारी

व्यापक सर्च अभियान में एंटी नारकोटिक्स सैल, डॉग स्क्वायड और विभिन्न थानों के जवान शामिल रहे। इस सघन तलाशी अभियान के दौरान संदिग्धों के घरों को खंगाला गया

*पुलिसकर्मी खुद 'डिकॉय' (फर्जी) ग्राहक बनकर नशा तस्करों तक पहुंच रहे हैं, ताकि अपराधियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने अपराधियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि अंबाला में नशा तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नशा तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए पुलिस पूरी तरह एक्शन के मोड में है। पुलिस ने 'ऑपरेशन मैदान' के तहत एक बार फिर तड़के सुबह बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। तड़के पुलिस की संयुक्त टीमों ने नशा तस्करी के लिए चिह्नित किए गए हॉट-स्पॉट इलाकों में एक साथ ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस व्यापक सर्च अभियान में एंटी नारकोटिक्स सैल, डॉग स्क्वायड और विभिन्न थानों के जवान शामिल रहे।

इस सघन तलाशी अभियान के दौरान संदिग्धों के घरों को खंगाला गया। तस्करी में संलिप्त चेहरों की पहचान की गई। पुलिस ने मौके से एक स्कॉर्पियो गाड़ी और 15 संदिग्ध दोपहिया वाहनों को जब्त किया है। इनके कागजातों की जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



अंबाला। चिह्नित इलाके में जांच करती पुलिस टीम। फोटो: हरिभूमि

### लोगों से सहयोग की अपील

पुलिस ने समाज को इस सामाजिक बुराई से बचाने और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आम जनता से सहयोग की अपील की है। पुलिस द्वारा एक विशेष हेल्पलाइन नंबर नंबरः 9729990112 जारी किया गया है। यदि आपके आसपास कोई भी व्यक्ति नशा बेचता है या किसी संदिग्ध गतिविधि में लिप्त है, तो तुरंत इस नंबर पर सूचित करें। सूचना देने वाले नागरिक का नाम, पता और पहचान पूरी तरह से गुप्त रखी जाएगी।



अंबाला। जब्त किया गया वाहन। फोटो: हरिभूमि

### तस्करों को दबोचने के लिए 'अनूठी रणनीति'

नशा तस्करों के नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए पुलिस ने एक विशेष रणनीति अपनाई है। अब तस्करों पर पैनी नजर रखने के लिए सिविल (सादे) कपड़ों में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। ये पुलिसकर्मी खुद 'डिकॉय' (फर्जी) ग्राहक बनकर नशा तस्करों तक पहुंच रहे हैं, ताकि अपराधियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने अपराधियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि अंबाला में नशा तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जिले के हर हॉट-स्पॉट एरिया में बिना किसी पूर्व सूचना के यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। नशा तस्कर या तो अपराध का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट आएं, अन्यथा सलाखों के पीछे जाने और गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें।



यमुनानगर। विष्णु नगर क्षेत्र स्थित मार्केट में इलेक्ट्रिकल की दुकान में लगी आग को बुझाते हुए दमकल कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

# इलेक्ट्रिकल के सामान की दुकान में लगी आग

- दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर बुझाई आग
- आग लगने से दुकान में हुए नुक्सान का किया जा रहा है आंकलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के विष्णु नगर स्थित मार्केट में शुक्रवार को एक इलेक्ट्रिकल की दुकान में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। खास बात यह रही की आग लगने से कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। दुकान में आग लगने से कितना नुक्सान हुआ है इसका आंकलन किया जा रहा है।

दमकल सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को दमकल विभाग को सूचना मिली थी कि शहर के विष्णु नगर स्थित मार्किट में रिहान इलेक्ट्रिकल नामक दुकान में आग लग गई है। सूचना मिलते ही दमकल कर्मचारी गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे और आग को बुझाया।

दमकल सूत्रों ने बताया कि आग लगने से दुकान में जो नुक्सान हुआ है उसका आंकलन किया जा रहा है। जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि आग लगने से दुकान में कितना नुक्सान हुआ है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का भी पता नहीं चला है। मगर प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शार्ट सर्किट हो सकता है। जांच के बाद ही आग लगने के कारणों व नुक्सान के बारे में सही जानकारी मिलने की उम्मीद है।

# दौलतपुर मालियान की बर्खास्त हो चुकी पूर्व महिला सरपंच गिरफ्तार

- छह माह पहले कृषि मंत्री के बेटे नेपाल राणा के कार्यक्रम में हुआ था विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के थाना छप्पर क्षेत्र के गांव ऊंचा चंदना में करीब छह माह पहले कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा के कार्यक्रम के दौरान हुआ विवाद अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। इस मामले में पुलिस ने गांव दौलतपुर (मालियान) की बर्खास्त हो चुकी पूर्व महिला सरपंच पिंकी रानी को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ सरकारी कर्मचारी से मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा डालने और जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है।

थाना छप्पर प्रभारी अजय ने बताया कि पूर्व महिला सरपंच को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। उन्होने बताया कि 11 दिसंबर 2025 को गांव ऊंचा चंदना में एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा उपस्थित हुए। हरियाणा राज्य आजीविका मिशन के खंड कार्यक्रम प्रबंधक देवेंद्र राणा वहां नव निर्माण महिला क्लस्टर लेवल भवन निर्माण से संबंधित प्रस्ताव रखने पहुंचे थे।देवेंद्र राणा का आरोप है कि बैठक के दौरान सरपंच पिंकी रानी ने उनका रास्ता रोक लिया, सरकारी कार्य में बाधा डाली, उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने करीब दो माह बाद गत चार मार्च को सरपंच के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा के तहत केस दर्ज किया था।

### आधा दर्जन लोगों पर सरिये से किया हमला

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के गांव बलौली में रंजिश के चलते एक परिवार पर सरियों से हमला कर दिया गया। हमले में परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बलौली निवासी प्रवीण कुमार ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही रविंद्र व दीपक के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से दोनों आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। प्रवीण कुमार ने बताया कि 25 जून को शाम छह बजे वह परिवार के सदस्यों के साथ काम कर रहा था। इस दौरान आरोपी रविंद्र व दीपक ने अपने साथियों नर सिंह, अमन व सुनील कुमार के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने सरिया व डंडों से उन पर वार किए। हमले में वह तथा उसके परिवार के सदस्य बेबी, महेंद्र पाल, रवि कुमार, प्रवीण व राजकुमार घायल हो गए।

# मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी

**2 जुलाई को बिजली मंत्री के घेराव का ऐलान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर शुक्रवार को आंदोलन के दूसरे दिन कुरुक्षेत्र में बिजली कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर हरियाणा सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले धरने में सैकडो कर्मचारियों ने भाग लिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

धरने की अध्यक्षता सर्कल सचिव एवं यूनिट प्रधान कृष्ण चौहान ने की, जबकि मंच संचालन सब यूनिट नंबर-2 के प्रधान मुकेश गुप्ता ने किया। कृष्ण चौहान ने कहा कि बिजली कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार और निगम प्रबंधन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली निगम के निजीकरण और हरियाणा में तीन डिस्कॉम बनाने की तैयारी कर्मचारियों और उपभोक्ताओं दोनों के हित में नहीं है। यूनियन ने रिस्क अलाउंस लागू करने, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी, डीसी रेट कर्मचारियों की सात वर्षों से लंबित वेतन वृद्धि, समान काम-समान वेतन, पुरानी पेंशन योजना की बहाली तथा ऑनलाइन ट्रांसफर नीति वापस लेने सहित अन्य मांगों को प्रमुखता से उठाया।

यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 जून 2026 को सर्कल स्तर पर एसई कार्यालय के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 2 जुलाई 2026 को पूरे हरियाणा के बिजली कर्मचारी अंबाला में एकत्र होकर बिजली मंत्री का घेराव करेंगे।



कुरुक्षेत्र। कर्मचारियों को संबोधित करते यूनिट प्रधान कृष्ण चौहान। फोटो: हरिभूमि

### प्रदर्शन में ये रहे मौजूद

प्रदर्शन में सब अर्बन सब डिवीजन के प्रधान मंदीप सिंह, सचिव कुलवंत सिंह, शीशपाल, पिपली सब डिवीजन के प्रधान रविंद्र सैनी, सचिव नरेश कुमार, शाहाबाद सब डिवीजन के प्रधान विजय, सचिव श्याम सुंदर, सब डिवीजन नंबर-2 के प्रधान मुकेश गुप्ता, सचिव बलजीत, कीर्ति खोसला, मवाना सब डिवीजन के प्रधान प्रनीत, सचिव अंग्रेज सिंह, लाडवा सब यूनिट के प्रधान गुरिंदर सिंह, सचिव अमरजीत, सर्व ऑफिस से सूचा सिंह, जेई सुरेंद्र वर्मा, एसएसए विकास, नरेंद्र, एएलएम बीरबल, सुदर्शन, अशोक सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं महिला कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भानोखेड़ी पुल के नीचे हुआ हादसा, पुलिस कर रही मामले की जांच

# ट्रिप पर जा रहे शिक्षकों की बस डंपर से टकराई, नौ जख्मी

- शिक्षकों को स्कूल प्रबंधन की ओर से चंडीगढ़ के लिए एक ट्रिप प्लान किया गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्रिप पर जा रहे दि स्कॉलर स्कूल के शिक्षक बाल-बाल बच गए। भानोखेड़ी पुल के नीचे उनकी बस एक डंपर से टकरा गई। हादसे में बस में सवार नौ शिक्षकों को चोटें आई हैं। स्कूल मालिक गुरतेज ने बताया कि स्कूल में गर्मी की छुट्टियां हैं। शिक्षकों को स्कूल प्रबंधन की ओर से चंडीगढ़ के लिए एक ट्रिप प्लान किया गया था। सभी शिक्षकों को सुबह स्कूल परिसर में इकट्ठा होना था, जहां से उन्हें चंडीगढ़ रवाना होना था, लेकिन स्कूल पहुंचने से पहले ही हादसा हो गया। सुबह 8 बजे गलत दिशा में आए मिट्टी के डंपर के आगे आने पर स्कूल बस अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। इस भीषण हादसे में द स्कॉलर स्कूल की 9 महिला शिक्षक घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की मदद से सभी घायल शिक्षिकाओं को तुरंत अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। अब डंपर चालक के खिलाफ पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक चालक के खिलाफ केस दर्ज करने की पुष्टि नहीं हो पाई है।



अंबाला। हादसे का शिकार हुई स्कूल बस। फोटो: हरिभूमि

### शिक्षिका मीनाक्षी के सिर पर लगी चोट

एक महिला शिक्षक मीनाक्षी के सिर पर गहरी चोटें लगने के कारण टांके भी लगाए गए है। जबकि टंगड़ियां गांव के गुरजिंद्र (40), दुर्गा नगर की रीना (40), सोनिया कॉलोनी की कनिका (36), जवार नगर की मनदीप कौर(36), लोह सिम्बली की ममता(32), बलदेव नगर की रितु (42), विष्णु विहार की रोमी (35), जगाधरी गेट की रजनी (38), कमला विहार की नीलम (52) को हल्की चोटें आई है। सभी शिक्षकों की हालत खतरे से बाहर है।

### दुष्कर्म करने वाला आरोपी रिश्तेदार गिरफ्तार



*यमुनानगर। शहर के थाना गांधीनगर पुलिस टीम ने 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिय गया। थाना प्रबंधक जगबीर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह अपने लड़के व पति के साथ हर रोज सुबह काम पर चले जाते थे और उसकी 13 वर्षीय नाबालिग लड़की घर पर अकेली रहती थी। उसकी लड़की के दांतो में कुछ कमी के कारण वह उसको इलाज के लिए सिविल अस्पताल यमुनानगर में लाए थे। उसने अपनी लड़की की सारी समस्याओ बारे डॉक्टर को बतलाया। डॉक्टर ने उसे लड़की के टेस्ट करवाने को बोला। टेस्ट करवाने पर पता चला की उसकी नाबालिग लड़की गर्भवती है। जब उन्होंने लड़की से गर्भवती होने बारे पूछा तो उसने बताया कि मोहित जो उनकी रिश्तेदारी में से है। वह उनके घर पर आता जाता था। करीब तीन चार महीने पहले वह उनके घर आया और उसको घर पर अकेली पाकर उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया।*

## खबर संक्षेप



करनाल। राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार।

### तय समय में निपटाएं लंबित प्रकरण : डीसी

**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के कार्य सीधे आमजन से जुड़े हैं, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए कि निशानदेही, जमाबंदी, इंतकाल, ततीमा कटिंग, टोकन पेंडेंसी और न्यायालयों में लंबित मामलों का तय समय सीमा में निपटारा सुनिश्चित किया जाए। जनता को अपने कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। यदि किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस प्रशिक्षणार्थियों को किया जागरूक



**मधुबन।** हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में शुक्रवार को नशे के दुरुपयोग एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 1,535 प्रशिक्षणार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी की उपनिदेशक डॉ. उजिता बाल्यान तथा सिविल अस्पताल करनाल के डिप्टी सीएमओ डॉ. मनीष कुमार ने एचआईवी संक्रमण, नशे के दुष्प्रभाव और बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। सभी प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज को भी जागरूक करने की शपथ ली। इस अवसर पर हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी की उपनिदेशक डॉ. उजिता बाल्यान, सिविल अस्पताल करनाल के डिप्टी सीएमओ डॉ. मनीष कुमार, करनाल के काउंसलर हरीश कुमार, ममता, अकादमी के प्रशिक्षणार्थी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### दादा की हत्या का आरोपी काबू, रिमांड पर भेजा

**करनाल।** करनाल के बड़ा गांव में बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पोते सोनू को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस अब हत्या के कारण और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच करेगी। पुलिस ने मृतक 75 वर्षीय दर्शन सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिवार ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और सख्त सजा की मांग की है।

## 4.5 लाख के बिल पर बढ़ा विवाद मरीज को बंधक बनाने का आरोप

# निजी अस्पताल से मरीज को पुलिस टीम ने करवाया बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

■ अस्पताल बोला- बिना भुगतान इलाज का खर्च कौन देगा

शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती मरीज को डिस्चार्ज करने को लेकर विवाद गहरा गया। मरीज के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि बकाया बिल जमा न होने के कारण मरीज को अस्पताल में रोके रखा गया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मरीज को अस्पताल से बाहर निकलवाया। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि इलाज का खर्च चुकाए बिना मरीज को ले जाया गया है।



करनाल। निजी अस्पताल में भर्ती मरीज को लेकर विवाद के बाद कार्रवाई करती पुलिस

चांद सराय निवासी शोभा देवी ने शिकायत में बताया कि उनका बेटा 13 जून से प्रभु अस्पताल में भर्ती था। उनका आरोप है कि इलाज के दौरान अस्पताल ने करीब साढ़े चार लाख रुपये का बिल बना दिया और पूरी राशि जमा किए बिना मरीज को छुट्टी देने से इनकार कर दिया। महिला का कहना है कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती है और इतनी बड़ी रकम एक साथ देना संभव नहीं है।

शिकायतकर्ता के अनुसार पति कई वर्ष पहले परिवार छोड़कर जा चुका है और परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। उन्होंने बताया कि रिश्तेदारों और परिचितों से उधार लेकर अब तक करीब 1.80 लाख रुपये अस्पताल को दे चुकी हैं तथा शेष राशि भी किस्तों में देने को तैयार थीं, लेकिन अस्पताल प्रबंधन पूरे भुगतान की मांग पर अड़ा रहा।

### दोनों पक्षों में विवाद

डीसी कार्यालय से शिकायत सिविल लाइन थाना पुलिस को भेजी गई। इसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंची और मरीज को परिजनों के साथ भेज दिया। इस दौरान अस्पताल परिसर में दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक बहस भी हुई। अस्पताल के संचालक रिंकू ने कहा कि मरीज को गंभीर हालत में भर्ती किया गया था और लंबे इलाज के बाद उसकी स्थिति में सुधार हुआ। उनका कहना है कि पुलिस मरीज को बिना बिल का भुगतान कराए अस्पताल से ले गई। उन्होंने सवाल उठाया कि उपचार पर हुए खर्च का भुगतान कौन करेगा। सिविल लाइन थाना पुलिस के एसएचओ विक्रांत ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

# योग सकारात्मक ऊर्जा और अध्यात्म का करता है संचार : हरविंदर कल्याण

■ पांच दिवसीय योग शिविर के तीसरे दिन योग साधकों ने उत्साह के साथ योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा

पतंजलि योग समिति घरौंडा के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर के तीसरे दिन योग साधकों ने उत्साह के साथ योगाभ्यास, व्यायाम और प्राणायाम किया। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और योग किया। योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया।

हरविंद्र कल्याण ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा को एक सूत्र में पिरोकर जीवन में सकारात्मक ऊर्जा के साथ अध्यात्म




की ओर आगे बढ़ाता है। योग हमारे जीवन में एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज में स्वास्थ्य और योग के प्रति जितनी जागरूकता बढ़ेगी, हम समाज को उतना ही सुंदर और समृद्ध बनाने में अपनी भूमिका अदा कर सकेंगे। आर्य समाज घरौंडा के संरक्षक व आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के कार्यकारिणी सदस्य जगदीश आर्य ने कहा कि जो व्यक्ति योग से निरंतर जुड़ा रहता है वह अपने जीवन को सुंदर बना लेता है 1 पतंजलि योग समिति की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राजरानी और पतंजलि योग समिति की हरियाणा संवाद प्रभारी बहन सुनीता नरवाल,आर्य समाज के सन्यासी स्वामी समर्पण देव जी महाराज और पतंजलि योग समिति घरौंडा के अध्यक्ष आर्य दिलबाग लाठर ने शिविर में योग साधकों को अभ्यास करवाया।

# स्थापना दिवस पर श्याममय हुआ मंदिर, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

■ 56 भोग अर्पित, विशाल श्याम संकीर्तन में हरियाणा सहित अन्य राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

श्री खाटू श्याम मंदिर के स्थापना दिवस पर शुक्रवार को भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। करनाल के अलावा आसपास के जिलों और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्याम भक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही और बाबा श्याम के दर्शनों के लिए लंबी कतारें लगी रहीं।

भजन गायकों प्रिंस बजाज, श्वेता अग्रवाल और प्रकाश मिश्रा ने एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। मंदिर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बधाई भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।"खाटू वाले श्याम तेरी शरण में आ गयो...", "सजा दो घर को गुलशन सा, मेरे सरकार आए हैं...", "हारा हूं बाबा बस तुझपे भरोसा है..जैसे भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। मंदिर में बाबा श्याम को श्रद्धापूर्वक 56 भोग अर्पित किए गए। श्रद्धालु अपने घरों से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर लाए और उन्हें बाबा को अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं भजन गायकों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद, व्यापार कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन सतीश गुप्ता, केश कला बोर्ड के चेयरमैन यशपाल ठाकुर तथा स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने बाबा श्याम के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

# भाई की हत्या के आरोपी को दबोचा, पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

शहर की आरएस रेजिडेंसी में भाई की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को वारदात के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। अब रिमांड के दौरान उससे वारदात के कारण और अन्य पहलुओं पर पूछताछ की जाएगी।

पुलिस के अनुसार 24 जून की शाम आरएस रेजिडेंसी निवासी 28 वर्षीय कमल शर्मा और उसके भाई कपिल के बीच पैसों को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि कहासुनी बढ़ने पर कपिल ने कांच की टूटी बोतल से हमला कर कमल की हत्या कर दी।

### नशे के लिए रुपये मांगने को लेकर हुआ था विवाद,किया था हमला

घटना के बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया गया और उसे अदालत में पेश किया गया।

अदालत ने पुलिस की मांग पर आरोपी को रिमांड पर भेज दिया। जांच अधिकारी का कहना है कि पूछताछ के दौरान हत्या में इस्तेमाल हथियार और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की जानकारी जुटाई जाएगी।

# जरूरतमंद लोगों की सेवा करना पुण्य का कार्य : रोशन लाल गुप्ता

■ दयाराम सेवा समिति तरावड़ी द्वारा छबील का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

भीषण गर्मी के बीच दयाराम सेवा समिति तरावड़ी द्वारा आयोजित दो दिवसीय सेवा अभियान के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए छबील का आयोजन किया गया।

समिति के सदस्यों ने पूरे उत्साह और सेवा भाव के साथ आने-जाने वाले लोगों को ठंडा जलजीरा पिलाया तथा छोले-चावल का प्रसाद वितरित किया। सुबह से ही सेवा स्थल पर लोगों की भीड़



उमडऩे लगी। भीषण गर्मी में ठंडा जलजीरा पीकर राहगीरों ने राहत महसूस की और समिति के इस सेवा कार्य की सराहना की। इस अवसर पर उद्योगपति रोशन लाल गुप्ता ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। गर्मी के मौसम में प्यासे और जरूरतमंद लोगों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। इसी भावना के साथ समिति समय-समय पर समाज हित में विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन करती रहती है।

## कृषि मंत्री राणा ने की जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवादों की सुनवाई

# 7 शिकायतों का मौके पर निस्तारण, 5 की दोबारा होगी जांच

■ अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रहकर जनता की समस्याएं प्राथमिकता से सुलझाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं जिला कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को पंचायत भवन में आयोजित समिति की बैठक में 12 परिवादों की सुनवाई की। इनमें से सात शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि पांच मामलों में दोबारा जांच के निर्देश देकर उन्हें अगली बैठक तक लंबित रखा गया।

बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप



करनाल। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

से फील्ड विजिट करें और विभागीय कार्यों की निगरानी करते हुए समस्याओं का समय रहते समाधान सुनिश्चित करें। जनता की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण होना चाहिए ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से प्रशासन के चक्कर न लगाने पड़ें। बैठक में डीआरपी एन्क्लेव सेक्टर-36, कुंजपुरा, श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, गोंदर गांव में खनन, कारसाडोड में शराब ठेका तथा अलीपुर खालसा की औद्योगिक इकाई से जुड़े मामलों पर विस्तार से सुनवाई की गई। कई मामलों में उच्च अधिकारियों और एसडीएम स्तर पर पुनः जांच के निर्देश दिए गए। बैठक में विधायक जगमोहन आनंद, विधायक योगेंद्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक सिरसी, उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा और पंजाब का रिश्ता भाईचारे का है। दोनों राज्यों के बीच सौहार्द और शांति बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था के मामलों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगी और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के कथित वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह पड़ोसी राज्य का मामला है, लेकिन दोनों राज्यों के बीच आपसी सम्मान और सद्भाव बना रहना चाहिए। राम मंदिर में हुई कथित चोरी के मामले पर उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। पुलिस अपना काम कर रही है और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। महम के विधायक बलराम दांगी को मिले धमकी भरे संदेशों के संबंध में मंत्री ने कहा कि फिरौती मांगने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## न्यूज डायरी

### आगामी तीन दिन खुला रहेगा टैक्स काउंटर



**नीलोखेड़ी।** नगरपालिका प्रधान सनमीत कौर आहूजा व सचिव डॉ. राहुल सैनी ने शहर के समस्त संपत्ति धारकों से अपील करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के बकाया संपत्ति कर का एकमुश्त भुगतान करने पर ब्याज में 100 प्रतिशत छूट का लाभ 30 जून, 2026 तक ही उपलब्ध रहेगा। करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिनांक 27 जून से 29 जून, 2026 तक लगातार तीन दिनों के अवकाश के दौरान भी नगरपालिका कार्यालय आमजन के लिए खुला रहेगा, ताकि अधिक से अधिक नागरिक अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान कर सकें। प्रधान एवं सचिव ने सभी नीलोखेड़ी शहरवासियों से आग्रह किया है कि जिनका भी संपत्ति कर बकाया है, वे निर्धारित अवधि के भीतर नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर अपना बकाया कर जमा करें तथा 100 प्रतिशत ब्याज छूट का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना करदाताओं के लिए एक सुनहरा अवसर है जिसका लाभ समय रहते अवश्य उठाना चाहिए।

### श्री खाटू श्याम दरबार मधुर भजनों से हुआ सराबोर



तरावड़ी। श्री खाटू श्याम मंदिर में भजन प्रस्तुत करती गायिका हेमा ठाकुर एवं उपस्थित श्रद्धालुगण।

**तरावड़ी।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर तरावड़ी के नत्था सिंह नगर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनुपम संगम देखने को मिला। प्रातः काल से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। पूरे वातावरण में भक्ति का ऐसा रंग छाया कि हर ओर हारे के सहारे, खाटू श्याम हमारे के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस किया और निर्जला एकादशी का व्रत रखकर विशेष पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित भजन गायिका हेमा ठाकुर पानीपत ने अपनी मधुर एवं भावपूर्ण आवाज में खाटू श्याम बाबा के एक से बढकर एक मनमोहक भजन प्रस्तुत किए। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए मंदिर परिसर में प्रसाद स्वरूप विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंदिर समिति एवं सेवादारों ने पूरे सेवा भाव से भोजन वितरण, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं का संचालन किया। इस अवसर पर मन्दिर कमेटी के संरक्षक प्रमोद बंसल, प्रधान विनीत बंसल, मनु बंसल नगरपालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन राजीव नारंग, सुमन बंसल, ईश्वर जांगड़ा व शहर के सैंकड़ो गणमान्य लोगो ने शिरकत की।

### पांचवें डिस्कॉम के विरोध में गरजे बिजली कर्मचारी



करनाल। राजीव गांधी विद्युत सदन में पांचवें डिस्कॉम के विरोध में आयोजित गेट मीटिंग में शामिल बिजली कर्मचारी।

**करनाल।** हरियाणा सरकार द्वारा अलग कृषि डिस्कॉम (पांचवां डिस्कॉम) बनाने के प्रस्ताव और बिजली क्षेत्र के निजीकरण के विरोध में हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को राजीव गांधी विद्युत सदन में आयोजित गेट मीटिंग में कर्मचारियों ने सरकार के प्रस्ताव का विरोध करते हुए मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। बैठक की अध्यक्षता यूनिट नंबर-1 के प्रधान रमेश चौधरी ने की, जबकि संचालन सिटी यूनिट के उपप्रधान उपेंद्र यादव ने किया। केंद्रीय परिषद के नवीन कुमार एपीएस ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अलग कृषि डिस्कॉम बनने से बिना नई भर्तियों के मौजूदा कर्मचारियों पर कार्यभार बढ़ेगा और इससे विभाग के निजीकरण का रास्ता आसान हो जाएगा। उन्होंने सरकार से इस प्रस्ताव को तत्काल वापस लेने की मांग की। यूनियन नेताओं ने कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल सुविधा देने, कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, डीसी रेट एवं एचकेआरएन कर्मचारियों को समान वेतन देने, इंटर यूटिलिटी ट्रांसफर खोलने, रिस्क एलाउंस लागू करने तथा दूर-दराज क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को उनके होम सर्कल में नियुक्त करने की मांग दोहराई। इस अवसर पर पंकज लाठर, संदीप मलिक, दीपक, जतिंद्र सिंह, सुभाष चंद, सत्यवान, सोमपाल, सोनू चहल, सुमित, सुरेंद्र, प्रदीप, इंद्रजीत, मुनीश, संजय, अरविंद, विनोद, परविंद्र, रामगोपाल, नरेश, रिंकू शर्मा, रामपाल, महावीर सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### माता के जयकारों से गूंजा दरबार



**करनाल।** गांव क्लवेहड़ी में बाबा राम दास जी गिरि काली कमली वाले की पावन स्मृति में आयोजित 121वें विशाल भंडारे के अंतर्गत शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह हवन-यज्ञ, समाधि अभिषेक एवं स्वर्ण मुकुट अर्पण के साथ शुरुआत हुई, जबकि शाम को माता भगवती के भव्य दरबार में भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबा जी के गद्दीनशीन एवं विश्वविख्यात वैद्य देवेन्द्र बतरा तथा दर्शना बतरा ने की। मुख्य यजमान मीनाक्षी क्षेत्रपाल, वरुण क्षेत्रपाल और मेघा सुखीजा ने माता की पावन ज्योति प्रज्ज्वलित की। आरती के बाद प्रसाद वितरण और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यश बतरा, गौरव बतरा, डॉ. मानव बतरा, भारत भूषण काकू, सुभाष गुरेजा, मनोचा परिवार, शाम चावला, रामकुमार नागपाल, डॉ. पवन, रामलाल, राजेंद्र मोहन शर्मा, सुरेंद्र चांदना, सुभाष वधावन, सन्नी मुंजाल, मोहर सिंह, दीपक आहुजा, बाबू कामरा, मोहित, द्वारका दास मौजूद रहे।

### छात्रा की फोटो वायरल की,तीन युवकों पर केस

**करनाल।** शहर की एक कॉलेज छात्रा की फोटो के साथ कथित छेड़छाड़ कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि फोटो पर अश्लील ऑडियो और आपत्तिजनक टिप्पणियां जोड़कर इंस्टाग्राम स्टोरी और व्हाट्सएप स्टेटस पर साझा किया गया। शिकायत मिलने के बाद रामनगर थाना पुलिस ने तीन नामजद युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में छात्रा ने बताया कि वह बीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। उसका आरोप है कि कैथल निवासी लक्की, अज्जू, दीपक और जोगिंद्र ने उसकी फोटो का गलत इस्तेमाल करते हुए उस पर अश्लील गाना और आपत्तिजनक शब्द लिखकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे उसकी और उसके परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची तथा मानसिक रूप से काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पीड़िता का कहना है कि जब उसने आरोपियों को ऐसा करने से रोका तो उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी भी दी। वायरल स्टोरी और स्टेटस के स्क्रीनशॉट उसके रिश्तेदारों ने भी भेजे।

# सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले पर होगी सख्त कारवाई : डीसी

- पानीपत में अग्नि सुरक्षा पर प्रशासन अलर्ट, एक्शन प्लान व मॉक ड्रिल पर रहेगा विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने सभी सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों, कोचिंग सेंटरों, बैंक्वेट हॉल, अस्पतालों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कार्यालयों तथा अन्य सार्वजनिक भवनों के संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी अग्नि सुरक्षा व्यवस्था, आपातकालीन निकास, फायर फाइटिंग उपकरण तथा आपदा प्रबंधन संबंधी एक्शन प्लान को तत्काल प्रभाव से लागू करें और उसकी नियमित समीक्षा भी सुनिश्चित करें। डीसी डॉ वशिष्ठ ने कहा कि जिन संस्थानों की इच्छा है कि उनके यहां अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित की जाए, वे जिला प्रशासन को सूचित करें। प्रशासन की संबंधित टीम संस्थान में पहुंचकर मॉक ड्रिल करवाएगी, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण देगी आवश्यक सुरक्षा संबंधी सुझाव भी प्रदान करेगी।



पानीपत। अग्नि सुरक्षा को लेकर बैठक करते प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## अग्निशमन उपकरणों को कार्यशील रखें

डीसी डॉ वशिष्ठ ने कहा कि कोई भी घटना हम सभी के लिए एक गंभीर चेतावनी है। हादसों के बाद कार्रवाई करने से बेहतर है कि पहले से ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे किसी भी आपात स्थिति में लोगों का जीवन सुरक्षित रखा जा सके। प्रत्येक संस्थान अपने अग्निशमन उपकरणों को पूरी तरह कार्यशील रखे, आपातकालीन निकास मार्ग हर समय खुले रहें और एक्शन प्लान केवल दस्तावेज बनकर न रहे, बल्कि उसकी नियमित मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रभावी तरीके से पालना भी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि जन सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और सुरक्षा मानकों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि केवल कागजों पर योजना बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका प्रभावी क्रियान्वयन भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आगामी दिनों में विभिन्न संस्थानों का किसी भी समय औचक निरीक्षण करेगा। निरीक्षण के दौरान यदि अग्निशमन उपकरणों की कमी, आपातकालीन निकास मार्गों में बाधा, सुरक्षा मानकों की अनदेखी अथवा एक्शन प्लान के क्रियान्वयन में लापरवाही पाई गई तो संबंधित संस्थान या भवन संचालक के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चियों की मौत मामले में गोदाम मालिक पर केस

- कपड़ा गोदाम में भारी-भरकम गांठों के नीचे दबने से हुई थी दो बच्चियों प्रज्ञा व सोनम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

थाना तहसील कैंप पुलिस ने भैंसवाल रोड स्थित विकास नगर में स्थित कपड़ा गोदाम में कपड़े की भारी-भरकम गांठों के नीचे दबने से दो बच्चियों प्रज्ञा व सोनम की मौत के मामले में गोदाम मालिक अजीत के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं, अजीत के खिलाफ पुलिस ने मृतका प्रज्ञा की मां गुड्डी निवासी विकास नगर, मूल निवासी गांव रहीमपुर जिला मैनपुरी, उत्तर प्रदेश की शिकायत पर केस दर्ज किया है। दूसरी ओर, पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों बच्चियों के शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया। परिजन दोनों बच्चियों के शवों को लेकर हरदोई व मैनपुरी जिलों में स्थित अपने पैतृक गांवों के लिए रवाना हो गए। बच्चियों का अंतिम संस्कार पैतृक गांवों में ही किया जाएगा।

# पुलिस ने हत्यारोपी ताऊ व ताई को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव बडौली निवासी 16 वर्षीय छात्र शेखर की हत्या मामले में आरोपी ताऊ कृष्ण व ताई बिमला को सीआईए वन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं, सीआईए वन प्रभारी फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ताऊ कृष्ण व ताई बिमला ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने दो बेटों अजय व विजय के साथ मिलकर भतीजे शेखर पर इंटरलॉक टाइल से हमला कर उसकी हत्या करने की वारदात को अंजाम देना स्वीकारा है। आरोपियों ने रंजिशन 22 अप्रैल को शेखर पर हमला कर उसे घायल किया था। दूसरी ओर, पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। कोर्ट ने पुलिस का पक्ष जानने के बाद आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। स्मरणीय है कि मारपीट में गंभीर रूप से घायल छात्र शेखर की 23 जून को पीजीआई रोहतक में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वहीं, शेखर हत्याकांड में आरोपियों पर थाना सदर में केस दर्ज है।

## शिक्षा मंत्री ने ग्राम पंचायतों को पेयजल टैंकर व बेंच भेंट किए

# ग्रामीण क्षेत्रों को विकसित करना सरकार की प्राथमिकता : ढांडा

जिला परिषद की ओर से गांव सिवाह में कार्यक्रम में पहुंचे शिक्षा मंत्री का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में जिला परिषद के सौजन्य से गांव सिवाह में महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा बतौर मुख्यअतिथि पधारे।

इस अवसर पर जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकर एवं सार्वजनिक उपयोग के लिए बेंच वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा सरकार गांवों के समग्र विकास और पंचायतों को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना के साथ अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में भी गांवों के विकास के लिए इसी प्रकार की योजनाएं निरंतर लागू की जाती रहेंगी। जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में पानीपत जिला के ग्रामीण अंचल का तेजी से विकास जारी है। इस अवसर पर जिला पार्षद पूजा भान, दया राम कश्यप, सुंदर छोक्कर, भाजपा जिला सचिव अनिल मलिक एवं श्वेता राजपूत, पानीपत ब्लॉक चेयरमैन कुलदीप राणा, सरपंच प्रतिनिधि रणदीप आर्य सहित पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सभी सम्मानित सरपंच, ब्लॉक सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



पानीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को पुष्प भेंट करते जिला परिषद के अध्यक्ष। फोटो : हरिभूमि

## पंचायतें ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण इकाई

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिससे प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर में सुधार आए और गांव विकास की मुख्यधारा से और अधिक मजबूती से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। पानी के टैंकर और सार्वजनिक बेंच जैसी सुविधाएं केवल संसाधन नहीं, बल्कि ग्रामीणों के जीवन को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाने का माध्यम हैं।



पानीपत। रेडक्रास के कार्यालय में नशे के विरुद्ध शपथ लेते युवा। फोटो : हरिभूमि

# युवाओं ने ली नशे के विरुद्ध शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रेडक्रास सोसाइटी कार्यालय में शुक्रवार को जिला समाज एवं कल्याण विभाग, पानीपत, पुलिस विभाग, पानीपत, स्वास्थ्य विभाग, पानीपत, जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी, पानीपत एंव ग्रामीण युवा एंव महिला विकास संस्था, पानीपत सभी के संयुक्त सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष के थीम नशा मुक्त अभियान-विकसित भारत की पहचान के तहत जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। वहीं, कार्यक्रम में प्राथमिक सहायता प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को नशे के विरूद्ध जागरूक कर उन्हें शपथ दिलवाई गई। इधर, पुलिस विभाग की तरफ से मुख्य वक्ता एएसआई जगपाल ने कहा कि हमें नशे से बचना चाहिए। उन्होंने प्रतिभागियों को नशे से दूर रहने व अन्य लोगों को जागरूक करने बारे शपथ दिलवाई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से विनोद देशवाल, अधिवक्ता मीनू कमल, किशोर, रैडक्रास से प्रवक्ता कला भारद्वाज, सोनिया शर्मा, हरमेश चंद, रवि कुमार, संजय, उप निरीक्षक तेजपाल, अमित कुमार, प्रीति आदि उपस्थित रहे।

# श्याम समिति ने श्रद्धालुओं को बाबा श्याम के दर्शन करवाए

- हर महीने की चांदन की द्वादशी को सभी श्याम भक्तों को नि:शुल्क दर्शन करवाती है संस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा शुक्रवार को प्राचीन श्री देवी मन्दिर से चुलकाना धाम के लिए बाबा श्याम के दर्शन के लिए बस रवाना की गई। मदन आजाद ने नारियल फोडक़र बस रवाना की गई। उल्लेखनीय है कि बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा हर महीने की चांदन की द्वादशी को सभी श्याम भक्तों को निःशुल्क दर्शन करवाती है। जिसमें संस्था द्वारा आना-जाना व खाना निःशुल्क दिया जाता है। इस अवसर पर संस्था के मीडिया पर भारी हरियाणा संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल, मोहन लाल, धर्मेंद्र इंसा, गोबिंद सैनी, अजय ठाकुर, संस्था के वकील ललित मित्तल, बाबा श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष पवन कंसल, राकेश मित्तल, अंकित कंसल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



पानीपत। चुलकाना धाम यात्रा के दौरान अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक।

## जिला सचिवालय में द्वादशी पर लगा भंडार

**पानीपत।** जिला सचिवालय स्थित तहसील परिसर में द्वादशी के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही और श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरण किया गया। विशाल भंडारे में सहयोग करने वालों में तस्वीर कुंडू, राममेहर भारद्वाज, मनोज मिगलानी, विजय अग्रवाल, अशोक गर्ग, इंद्र गौतम, विमल कांत, कृष्ण चावला, अनिल गुलाटी, राजेंद्र दुआ, योगेश गांधी, विजय जुनेजा, धीरज चावला, राजू सचदेवा, राजू छाबड़ा, हरीश कक्कड़, प्रदीप तायल, सुनील शर्मा, सुनील वर्मा, सौरभ मंगला, सतीश शर्मा, कृष्ण रोड़, निकुंज अग्रवाल एडवोकेट आदि शामिल रहे।

## पुलिस को सीएसआर के तहत लगातार संसाधनों से सशक्त बनाया जा रहा

# पानीपत पुलिस को एचआरजीएस ने गाड़ी भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में पानीपत जिला पुलिस को कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत लगातार संसाधनों से सशक्त बनाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को हरियाणा ऑर्गेनिक्स ग्लोबस स्पिरिट लिमिटेड, समालखा द्वारा जिला पुलिस को सीएसआर फंड के अंतर्गत एक बोलेरो गाड़ी भेंट की गई। इस वाहन के शामिल होने से पुलिस की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण में और अधिक मजबूती मिलेगी। वहीं, एसपवी सिंह ने ने वाहन प्राप्त करने के उपरांत कहा कि हरियाणा ऑर्गेनिक्स ग्लोबस स्पिरिट लिमिटेड द्वारा सीएसआर फंड के माध्यम से जिला पुलिस को बोलेरो गाड़ी उपलब्ध कराना एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने कहा कि पुलिस के बेड़े में एक और वाहन शामिल होने से गश्त व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा तथा अपराधों की रोकथाम, त्वरित कार्रवाई और आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस की प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित पुलिस बल जनता की सुरक्षा और बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने में अधिक सक्षम होता है। सामाजिक संस्थाओं एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों का इस प्रकार का सहयोग पुलिस और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर हरियाणा ऑर्गेनिक्स ग्लोबस स्पिरिट लिमिटेड, समालखा के वाइस प्रेसिडेंट एम पी सिंह, एसपी रीडर एसआई सुभाष, समालखा थाना प्रभारी दीपक व एमटीओ असिस्टेंट परविंद्र आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह को एचआरजीएस के पदाधिकारी गाडी की चॉबी भेंट करते हुए।

## न्यूज डायरी



पानीपत। समालखा में बिजली कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मांगों को लेकर बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन किया

**समालखा।** ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन, हरियाणा इकाई समालखा के नेतृत्व में बिजली निगम कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। यूनिट प्रधान कपिल की अध्यक्षता एवं यूनिट सचिव जोगिंद्र के संचालन में आयोजित प्रदर्शन को राज्य प्रेस प्रवक्ता सोमपाल ने संबोधित किया। कर्मचारियों ने शिकायत केंद्रों पर बिजली, पानी और फर्नीचर की उचित व्यवस्था। सभी शिकायत केंद्रों एवं पावर हाउसों में पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति तथा एचकेआरएन कर्मचारियों को प्रत्येक माह की एक तारीख को वेतन देने की मांग उठाई। प्रदर्शन में बलराज एलडीसी, रोबिन एलएम, विनोद राज्य कमेटी सदस्य, प्रवीन एलएम, नीरज एसए, संदीप एसए, नरेश, भूप सिंह जेई, कुलदीप जेई, संदीप जेई आदि कर्मचारियों ने भाग लिया।

### घर से लाखों के जेवरात चोरी, मुकदमा दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव जालपहाड़ निवासी विकास के घर से चोरों ने जेवर व मोबाइल फोन सैट चोरी कर लिए। इधर, पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित विकास ने बताया कि गर्मी के कारण वे परिवार समेत घर के आंगन व छत पर सो रहे थे। इसकी फायदा उठा कर चोरों ने घर के अंदर गहने व मोबाइल फोन सैट चोरी किए। वहीं, चोरी की इस घटना से उनका करीब दो लाख रूपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवाहिता की शिकायत पर पति, जेठ व सास पर केस

**पानीपत।** पानीपत के पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर उसके पति, सास व जेठ पर छेड़खानी करने, कपड़े फाड़ने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के गंभीर आरोपों में केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को नोटिस देकर पूछताछ के लिए थाना में बुलाया जाएगा। पुलिस की जांच में जो भी आरोपी दोषी पाया जाएगा उस पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### सरिये से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, जाम लगा

**पानीपत।** पानीपत जिले में मतलौड़ा-कुराना रोड पर शुक्रवार की दोपहर को सरिये से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। यह हादसा एक कार को बचाने के प्रयास में हुआ, जिससे सड़क पर सरिया बिखर गया और यातायात बाधित हो गया। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। इस घटना के कारण इस मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लिंक व खेतों के रास्ते से यातायात सुचारू करवाया और बाद में पलट वाहनों को हटा कर यातायात सुचारू करवा कर इस मामले की जांच शुरू की।

### सड़क हादसे में चार युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**पानीपत।** पानीपत के गांव ब्राह्मण माजरा के पास शुक्रवार दोपहर को रॉग साइड से आ रही बाइक के चालक ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में निसार, साबिर, संदीप व दूसरी बाइक पर सवार राजेश घायल हो गए। राहगिरों ने चारों घायलों को पानीपत के सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### राजकीय कन्या महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया शुरू

पानीपत। राजकीय कन्या महाविद्यालय गांव डाहर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कॉलेज प्रशासन छात्राओं को समय रहते ऑनलाइन पंजीकरण कराने के लिए लगातार जागरूक कर रहा है, ताकि कोई भी पात्र छात्रा प्रवेश के अवसर से वंचित न रहे। इधर, प्राचार्य डॉ.सुभाष चंद्र जागलान ने बताया कि कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष के लिए 160 तथा बीकॉम. प्रथम वर्ष के लिए 80 सीटें उपलब्ध हैं। वहीं, 10 जुलाई को प्रथम वरीयता मेरिट सूची जारी की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा अवश्य दिलवाएं।

### 13 किलो 775 ग्राम गांजे के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने चौटाला रोड स्थित हुडा सेक्टर 29 कट पर रामायण पुत्र विरेंद्र निवासी अररिया, बिहार को 13 किलो 775 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। थानेदार सीआईए टू वीरेंद्र ने बताया कि आरोपी रामायण के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया और उसे कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया है, ताकि उसके साथियों को भी गिरफ्तार किया जा सके।

### भाजपा किसान मोर्चा 21 हजार पौधे रोपेगा : दिनेश

**पानीपत।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव दिनेश पुजारा ने वार्ड दस में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम पर चर्चा की। दिनेश पुजारा ने कहा कि मानसून के सीजन में किसान मोर्चा मुख्यमंत्री नायब सैनी के आदेशानुसार 21 हजार पौधे रोपने का कार्य करेगा। यह कार्य मंडल स्तर व वार्ड स्तर पर होगा। इस अवसर पर रमेश खन्ना, विशु सैनी, सुनील कुमार, प्रशान्त यादव, जितेंद्र कुमार, सुखबीर सिंह, अजय कुमार, अजनीश कुमार, सुदामा चन्द्र व केश चौधरी उपस्थित रहे।

### जियो गीता पार्क में नागरिकों ने किया योग

**पानीपत।** फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर नेहा बंसल ने हुडा सेक्टर -17 के जियो गीता पार्क में नागरिकों को योग करवाया और कहा कि योग से शरीर निरोगी रहता है। वहीं नियमित योग से शरीर की इम्यूनिटी बढती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नियमित रूप से सुबह व शाम को योग अवश्य करें।

### पानीपत में निष्पक्ष होगी एचटेट परीक्षा

**पानीपत।** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट-2025) के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. हरीश वशिष्ठ ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में पुलिस, शिक्षा, ट्रेजरी, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बिजली निगम तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक को लेकर परीक्षा संबंधी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की और सभी अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### त्रुटि रहित करवाई जा रही है मतदाता सूची

**पानीपत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत पानीपत जिला प्रदेश में एक मिसाल बनकर उभरा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने बताया कि जिले में अब तक 87.29 प्रतिशत प्रपत्रों का वितरण सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अभियान पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ संचालित किया जा रहा है ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे। वहीं, शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में 24 पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सुपरवाइजरों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ ने अभियान की प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान सुपरवाइजरों ने भी अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए, जिन पर उपायुक्त ने सकारात्मक चर्चा करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

**न्यायालय तहसीलदार- कम - सब रजिस्ट्रार पानीपत।**
इन्दू पत्नी स्व. श्री राज कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी मकान नं. 100 वार्ड नं. 01, नुरवाला बिचपडी, जिला पानीपत।

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमती इंदु पत्नी स्व. श्री राज कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी मकान नं.100, वार्ड नं. 01, नूरवाला बिचपडी जिला पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थिया के पति राज कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश की मृत्यु दिनांक 14/07/2025 को हो चुकी है। यह है कि स्व. श्री राज कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश की मृत्यु के उपरान्त निम्नलिखित वारिस हैं - (1) इन्दु पत्नी (2) हिमान्शी (नाबालिग पुत्री) है।उसके इलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है।अनीता रानी परुथी नगर निगम पार्षद वार्ड नंबर 1 और राजबीर नंबरदार व पटवारी हल्का पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारिसान की तसदीक की गई है। मृतक स्व. श्री राज कुमार का इनके अलावा अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है।जिसके सम्बन्ध में प्रार्थीया ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है।इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गए वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक व एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिनों के अन्दर - अन्दर इस कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है।अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 24/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

**तहसीलदार -कम - सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

## खबर संक्षेप

### मोबाइल व नकदी चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मोबाइल फोन, नकदी, घड़ी व अलमारी की चाबियां चोरी करने के मामले में संलिप्त आरोपी को काबू किया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक प्रेम पाल सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला ने 25 जून 2026 को शिकायत दी थी कि गांव सौंडा स्थित घर से मोबाइल फोन, नकदी, घड़ी व अलमारी की चाबियाँ आरोपी मनप्रीत ने चोरी की हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी मनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया है।

### धमकी देने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार




**अंबाला।** सीआईए-2 टीम ने कार्रवाई करते हुए जानलेवा हमला कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में संलिप्त चार आरोपियों को काबू किया है। सीआईए-2 प्रभारी उप निरीक्षक रवि कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता रणधीर सिंह ने 22 जून 2026 को शिकायत दी थी कि 21 जून 2026 को एनडीआई प्लाजा के पास आरोपी विकास व अन्य ने गाड़ी रोककर गाड़ी के शीशे तोड़ने व जानलेवा हमला कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। आरोपियों की पहचान विकास जिला सोनीपत, सुलेंद्र कुमार,बीकानेर राजस्थान, बक्सीश सोनीपत, सूरज कुमार दिल्ली के रूप में हुई है।

### राजपुरी डेरा में तीन दिवसीय उत्सव संपन्न

**कलायत।** कलायत के आदर्श गांव बालू में स्थित सिद्ध बाबा राजपुरी धार्मिक डेरा में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। डेरा कमेटी सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष वार्षिक उत्सव व भंडारे का आयोजन किया जाता है। उत्सव में हवन यज्ञ व धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। तीसरे दिन पूरे प्रदेश से संत-महंत भंडारे का हिस्सा बनते हैं।

### सालासर बालाजी धाम पहुंचे विधायक देवेंद्र अत्री

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने राजस्थान के प्रसिद्ध सालासर बालाजी मंदिर में परिवार सहित पहुंचकर बालाजी महाराज के दर्शन किए तथा विधिवत पूजा व अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र, प्रदेश और देशवासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि सालासर बालाजी धाम करोड़ों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र है। बालाजी महाराज की कृपा से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में नई ऊर्जा व सकारात्मकता का संचार होता है। आध्यात्मिक शक्ति व्यक्ति को सेवा, सद्भाव और मानव कल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

41.64 करोड़ आएगा खर्च, चिकित्सकों व कर्मचारियों के लिए तैयार किए जा रहे क्वार्टर

# नारायणगढ़ में 100 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल तैयार, सीएम सैनी करेंगे उद्घाटन

डीसी ने अधिकारियों की मीटिंग लेकर जरूरी व्यवस्थाएं करने के दिए आदेश, एक जुलाई को अनाजमंडी में आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नारायणगढ़ में तैयार हुए 100 बेड के नागरिक अस्पताल का 1 जुलाई को उद्घाटन करेंगे। पहले यह अस्पताल 50 बेड का था जिसे अपग्रेड कर 100 बेड का किया गया है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि इस सिलसिले में अनाज मंडी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के 6 सिविल अस्पतालों के अपग्रेडेशन (उन्नयन) व अन्य स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव भी उपस्थित रहेंगी। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 1 जुलाई को नारायणगढ़ अनाज मंडी में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए नागरिक अस्पताल के विस्तार का उद्घाटन करेंगे। उनकी ओर से नागरिक अस्पताल में पौधारोपण भी किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के दृष्टिगत नगरपालिका व मार्किट कमेटी सचिव को अनाज मंडी के साथ-साथ नागरिक अस्पताल के नजदीक सफाई व्यवस्था का कार्य करवाना सुनिश्चित करें। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के व्यापक प्रबंध होने चाहिए व पार्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित हो ताकि कार्यक्रम में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।



अंबाला। नागरिक अस्पताल का बाहरी दृश्य। फोटो : हरिभूमि

#### अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियों के निर्देश

इसी प्रकार जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को ठंडे पेयजल की व्यवस्था, लोक निर्माण विभाग व एनएचएआई विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल के साथ-साथ आस पास क्षेत्र में सडक़ों के पैच वर्क करवाने ,बिजली निगम के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करने बारे, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को एंबुलेंस की व्यवस्था, वन विभाग के अधिकारियों को पौधारोपण से जुड़े कार्यों के करने के आदेश दिए गए। उन्होंने जिला सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी को दोनों स्थलों पर इंटरनेट की बेहतर व्यवस्था, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को रंगोली की व्यवस्था के साथ-साथ अग्निशमन विभाग को फायर ब्रिगेड की व्यवस्था तथा जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को वीआईपी टायलेट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

#### नए भवन में तीन सामान्य वार्ड की सुविधा

नागरिक अस्पताल को 50 से बढ़ाकर 100 बेड का बनाया गया है। लगभग 31 करोड़ 12 लाख 18 हजार रुपये की लागत से निर्मित चार मंजिला अत्याधुनिक अस्पताल भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस नवनिर्मित अस्पताल भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 1 जुलाई को करेंगे। अस्पताल भवन के साथ डॉक्टरों एवं कर्मचारियों के लिए बनाए जा रहे रिहायशी क्वार्टरों सहित पूरे प्रोजेक्ट पर 41 करोड़ 64 लाख 54 हजार रुपये की राशि खर्च की जा रही है। पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता अमित मलिक ने बताया कि अस्पताल भवन का निर्माण कार्य पूरा कर स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल भवन का ग्राउंड फ्लोर 2078.70 वर्ग मीटर, जबकि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल प्रत्येक 1901 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में निर्मित किया गया है। इस प्रकार भवन का कुल 7781.70 वर्ग मीटर का कवर्ड एरिया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल भवन के निर्माण पर 31 करोड़ 12 लाख 18 हजार रुपये खर्च किए गए हैं। इसमें मुख्य भवन के सिविल कार्य पर 19 करोड़ 20 लाख 18 हजार रुपये तथा विद्युत एवं अन्य इलेक्ट्रिकल कार्यों पर 11 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत आई है। नए अस्पताल भवन में मरीजों की सुविधा के लिए तीन सामान्य वार्ड, 11 निजी वार्ड, एक वीआईपी वार्ड, एक माइनर ऑपरेशन थिएटर, एक कांफ्रेंस हॉल, एक डायलिसिस वार्ड, दो पीडियाट्रिक वार्ड, एक पोस्ट नेटल वार्ड, एक प्री-लेबर वार्ड, एक लेबर रूम तथा एक फोटो थैरेपी रूम की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त भवन में चार आधुनिक लिफ्ट, सेंट्रली एयर कंडीशनिंग सिस्टम, मेडिकल गैस पाइपलाइन, लेन नेटवर्क व सोलर पॉवर प्लांट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई ।

#### ये रहे उपस्थित

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त विराट, एसडीएम शिवजीत भारती, सिविल सर्जन डॉ. रेणु बेरी, जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा, डीएफओ नरेश रंगा, कार्यकारी अभियंता अमित मलिक, मार्केट कमेटी नारायणगढ अखिलेश शर्मा, डीआईओ अंकित कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, बीडीपीओ योगेश कुमार, डॉ. सुखप्रीत, डॉ. संजीव सिंगला भी मौजूद रहे।

# 'सोने की ईंट' का झांसा देकर ठगे 14.60 लाख



अंबाला। पुलिस द्वारा पकड़ा गया मुख्य आरोपी। फोटो : हरिभूमि

- लालच देकर आरोपियों ने रची थी साजिश, एक महिला सहित अन्य आरोपियों की तलाश तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

पुलिस ने धोखाधड़ी और ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए घर में सोने-चांदी की ईंटें दबी होने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 14,60,000 रुपये हड़पने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अब्दुल वाजिद वासी गांव डारपुर जिला यमुनानगर के रूप में हुई है। आरोपी को अब रिमांड पर लिया गया है। पतरेहड़ी गांव के रहने वाले अजय ने 19 मार्च 2026 को एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।शिकायत के अनुसार, 13 अगस्त 2025 से 23 अगस्त 2025 के बीच आरोपी अब्दुल वाजिद और उसके अन्य साथियों जिसमें एक महिला भी शामिल है ने एक सोची-समझी साजिश के तहत शिकायतकर्ता को विश्वास में लिया। आरोपियों ने अजय को झांसा दिया कि उसके घर के अंदर सोने और चांदी की कीमती ईंटें दबी हुई हैं। उन्हें वे विशेष उपाय से बाहर निकाल देंगे। इस गुप्त धन को निकालने और अपने जाल में फंसाकर आरोपियों ने शिकायतकर्ता से धोखे से कुल 14 लाख 60 हजार रुपये की मोटी रकम ऐंठ ली और फरार हो गए। ठगी की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गहन तफ्तीश शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी व सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी अब्दुल वाजिद को धर दबोचा है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस द्वारा न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। यहां अदालत ने उसका रिमांड मंजूर किया है। पुलिस आम जनता से अपील करते हुए कहा कि ऐसे किसी भी प्रकार के अंधविश्वास, 'घर में दबा धन निकालने', या लॉटरी जैसे भ्रामक झांसों में न आएं। यदि कोई आपको इस तरह का लालच देता है तो तुरन्त इसकी सूचना नजदीकी पुलिस थाना में दे।

# बिजली कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

- एचकेआरएन को बंद करने व डिस्काम रद्द कर कर्मियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

एचएसईबी वर्कर यूनियन के आह्वान पर प्रदेश भर के निगम कार्यालयों में बिजली कर्मियों ने सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ रोष जताया। कैंट यूनिट के कर्मचारियों ने मुलाना डिवीजन में प्रदर्शन करते हुए अपनी 14 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। प्रदर्शन की अध्यक्षता केंद्रिय परिषद के उप प्रधान राजकुमार सेहला ने की। उन्होंने स्पष्ट किया कि एग्री डिस्काम रद्द करने, कच्चे कर्मचारियों को समान काम-समान वेतन देने और एचकेआरएन को बंद करने जैसी मांगों पर सरकार का उदासीन रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सर्कल सचिव सतबीर देशवाल ने कहा कि हिसार में हुई हाउस मीटिंग के निर्णय के अनुसार यह दो दिवसीय आंदोलन शुरू किया गया है। यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो कर्मचारी आर-पार की लड़ाई के लिए मजबूर होंगे। इसके तहत प्रदेशव्यापी हड़ताल भी संभव है। इस दौरान मुलाना डिवीजन में काफी संख्या में बिजली कर्मी एकजुट रहे।

# राहुल गांधी हुए डिप्रेशन का शिकार: अनिल विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

हरियाणा के परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि "राहुल गांधी बार-बार ऐसे बयान देते हैं कि लोग भड़क जाएं। कभी वो जैन-जी को भड़काना चाहते है, तो कभी विद्यार्थियों को भड़काना चाहते हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों के बारे में ऐसा कभी नहीं कहा, राहुल गांधी को पता नहीं कहा से आकाशवाणी आती है।" विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व केंद्र सरकार पर की गई टिप्पणी तथा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे देने की मांग के प्रश्न पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। विज ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी डिप्रेशन के शिकार हैं। उन्हें हर तरफ अंधेरा ही अंधेरा नजर आता है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं के पास और कोई काम नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान हो रहा है। देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

# दो एकड़ में आबाद हो रही थी अवैध कॉलोनी, डीटीपी ने तोड़े कई निर्माण

- अवैध कालोनी पर बनी कच्ची सड़कों के जाल को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया के गांव मुलाना में लगभग 2 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही एक कॉलोनी में हुए निर्माणों को ढहा दिया। इस दौरान अवैध कॉलोनी में बनी हुई कच्ची सड़कों के जाल को पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया गया। मौका पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार - रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता गुरजिंद, क्षेत्रान्वेषक रविंद्र व एसएचओ इंफोर्समेंट भारी पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। इस मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने लोगों से अपील की है कि प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लाट व दुकान न खरीदें। वे इस प्रकार से किसी भी झांसे में न आएं। इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट न खरीदने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के प्रति भी लोगों को चेतावनी दी गई।



अंबाला। कच्ची सड़कों के जाल को तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि




### गीता द्वार के नवीनीकरण के चलते पीपली चौक से कुरुक्षेत्र शहर जाने वाला मार्ग बंद, आमजन परेशान

**कुरुक्षेत्र।** पीपली चौक के समीप स्थित गीता द्वार के नवीनीकरण कार्य के चलते पीपली चौक से कुरुक्षेत्र शहर की ओर जाने वाला मार्ग अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। निर्माण कार्य को सुरक्षित ढंग से पूरा करने के लिए प्रशासन द्वारा दोनों ओर बैरिकेडिंग लगाकर रास्ते को बंद कर दिया गया है। पीपली चौक के पास गीता द्वार के नवीनीकरण कार्य के चलते मार्ग बंद होने से शुक्रवार को वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग लगाए जाने के कारण पीपली चौक से सीधे कुरुक्षेत्र शहर की ओर जाने वाला रास्ता पूरी तरह बंद रहा। मार्ग बंद होने से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को लंबा चक्कर लगाकर वैकल्पिक रास्तों से अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा। कई स्थानों पर यातायात का दबाव बढ़ने से जाम जैसी स्थिति भी देखने को मिली। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने बताया कि मार्ग बंद होने की पूर्व सूचना पर्याप्त रूप से नहीं मिलने के कारण उन्हें अचानक परेशानी का सामना करना पड़ा।

# भारतीय मजदूर संघ करेगा मुख्यालयों पर प्रदर्शन, सीएम के नाम सौंपेगा ज्ञापन

- 26 अप्रैल को गुरुग्राम में सीएम को सौंपा था मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर ऑर्गेनाइजेशन, भारतीय मजदूर संघ हरियाणा से संबंधित संगठन की एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री कंवर पाल ने की। बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों तथा सरकार के रवैये पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान अंबाला ट्यूबवेल ऑपरेटर महामंत्री मलकीत सिंह ने बताया कि 26 अप्रैल को गुरुग्राम में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम के दौरान भारतीय मजदूर संघ की ओर से मुख्यमंत्री को विभिन्न कर्मचारी वर्गों की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित एक संयुक्त मांग-पत्र सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि लगभग दो महीने बीत जाने के बावजूद सरकार द्वारा भारतीय मजदूर संघ को वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि इन मांगों को लेकर ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों में भारी असंतोष है। उन्होंने बताया कि भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध विभिन्न विभागों के कर्मचारी भी इस विरोध प्रदर्शन में भाग लेंगे।

#### दो प्रमुख मांग लंबे समय से लंबित

इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में 1 जुलाई को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान जिला उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपे जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटरों की दो प्रमुख मांगें लंबे समय से लंबित हैं। इनमें ट्यूबवेल ऑपरेटरों से केवल ट्यूबवेल पर ही आठ घंटे की ड्यूटी लिए जाने तथा सभी कर्मचारियों के रोजगार की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग प्रमुख है।

# एक्टिवा की टक्कर से घायल की इलाज के दौरान मौत, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

शुगर मिल बनौदी के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए मोटरसाइकिल सवार की इलाज के दौरान पीजीआई चंडीगढ़ में मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित के साढू की शिकायत पर लापरवाही से वाहन चलाने वाले एक्टिवा चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता पंकज गुप्ता वासी उधम सिंह नगर, उत्तराखंड ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके साढू छोटे लाल गुप्ता (उम्र 37 वर्ष), जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के रहने वाले थे और बलदेव नगर अंबाला शहर में रहते थे। वह कोहड़ा स्थित शराब के ठेके पर काम करते थे। 18 जून 2026 को काम से छुट्टी होने के बाद छोटे लाल अपनी मोटरसाइकिल से बलदेव नगर घर के लिए निकले थे। पंकज गुप्ता भी अपनी बाइक से उनके पीछे-पीछे आ रहे थे। रात करीब सवा आठ बजे जब छोटे लाल गुप्ता शुगर मिल बनौदी के पास पहुंचे, तभी सामने से तेज रफ्तार और गफलत में आ रहे एक एक्टिवा के चालक ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल छोटे लाल गुप्ता को तुरंत सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया।

### मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली में 52 वर्षीय हार्ट पेशेंट को 11 घंटे की दुर्लभ सर्जरी से मिली नई जिंदगी

**अंबाला।** हार्ट के तीन वाल्वों की गंभीर बीमारी और महाधमनी (एओर्टा) में बड़े एन्यूरिज्म की समस्या से पीड़ित रोपड़ के 52 वर्षीय मोहिंदर कुमार को मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली में एक सफल दुर्लभ सर्जरी के बाद नई जिंदगी मिली। एओर्टा, वह मुख्य धमनी है जो दिल से शरीर के बाकी हिस्सों तक खून पहुंचाती है। कुमार को पिछले तीन सालों से दिल से जुड़ी समस्याएं थीं, और पिछले चार महीनों में उनकी हालत और बिगड़ गई थी। विस्तृत जांच से पता चला कि दिल के तीन वाल्वों में गंभीर लीकेज थी और शरीर की मुख्य धमनी में 53 मिमी की सूजन थी। मामले की जटिलता के बावजूद, सीनियर डायरेक्टर और विभागाध्यक्ष- कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी डॉ शशि जिंदल और प्रिंसिपल कंसल्टेंट-हेड कार्डियक एनेस्थीसिया और इंटेंसिव केयर डॉ शैलेश ओझा के नेतृत्व में चुनौती स्वीकार की और सफलतापूर्वक 11 घंटे की सर्जरी की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

मुख्य सचिव ने चार दिन के भीतर नाले-नालियों की सफाई के निर्देश

# जलभराव क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का करें बंदोबस्त अधिकारी : रस्तोगी

मानसून से पहले शहर में जलभराव से निपटने के लिए जरूरी व्यवस्थाओं के लिए तय की टाइमलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीसी के माध्यम से तमाम प्रशासनिक अधिकारियों को मानसून सीजन से पहले ते नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था के साथ-साथ जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए जरुरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नालों व ड्रेनों की सफाई, नदियों की सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अन्य बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल करते हुए निर्देश दिए कि 30 जून से पहले-पहले सभी नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए।



अंबाला। मीटिंग में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी।

#### मानसून से पहले पंप व्यवस्था को करें दुरुस्त

वीसी के उपरांत उपायुक्त ने सिंचाई विभाग, नगर निगम, नगर परिषद, रेलवे विभाग, एचएसवीपी, जन स्वास्थ्य विभाग व एनएचएआई के अधिकारयों के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारियों से भी नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था की जानकारी हासिल करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि जहां पर भी सफाई व्यवस्था का कार्य शेष बचा है उसे तीव्रता से करना सुनिश्चित करें ताकि मानसून सीजन में कहीं पर भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो सके। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से उनके विभाग से संबंधित जो मशीनरी है जैसे पम्पों की व्यवस्था या अन्य जो भी है उसकी भी जानकारी हासिल करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके साथ-साथ उन्होंने बाढ़ प्रबंधन के दृष्टिगत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की और मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की भी प्रगति जानते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मुख्य सचिव को अवगत करवाते हुए बताया कि जिला में विभागी अधिकारियों द्वारा उनके क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। एसआईआर के तहत बीएलओज द्वारा मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म वितरित करने का काम किया जा रहा है। निर्धारित समय अवधि के तहत मतदाताओं के फार्म भी भरवाने का काम किया जाएगा। उन्होंने एसडीएम को भी कहा कि वे भी अपने-अपने क्षेत्रों में नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा लें। जहां पर भी जरुरत है वहां सफाई व्यवस्था को बेहतर तरीके से करवाएं। बैठक में एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, सीईओ कैंटोनमेंट बोर्ड आनंद कुमार शर्मा, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, सिंचाई विभाग अधीक्षक अभियंता मुनीष भारद्वाज आदि मौजूद रहे।